हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024









## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता की आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

### आज शुष्क दिवस

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने कल 17 अप्रैल रामनवमी अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के सभी देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, भांग व भांगघोटा की फुटकर दुकानों, मद्य भंडारण भांडागार को पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### राजनांदगांव लोकसभा में 85+ उम्र वाले 296 और 159 दिव्यांग शामिल


# घर से मतदान करेंगे लोकसभा के 455 मतदाता, वोट डलवाने 38 दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग मतदाताओं के साथ ही दिव्यांग वोटरों को नई सुविधा दी जा रही है। पहली बार लोकसभा चुनाव में होम वोटिंग का विकल्प दिया गया है। हालांकि प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में भी मतदाताओं को यह सुविधा प्रदान की गई थी। लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के कुल 455 मतदाता इस सुविधा का लाभ लेने वाले हैं। इनमें 296 बुजुर्ग और 159 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। कल से इसकी शुरूआत होने जा रही है। जिलेवार अलग-अलग दिन दल द्वारा घर पहुंचकर इनसे मतदान कराया जाएगा। हालांकि जिले में 85 प्लस और दिव्यांग मिलाकर कुल 22846 वोटर हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग मतदान में सबकी सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार नए-नए फैसले ले रहा है। इसी कड़ी में बीते साल होम वोटिंग की शुरूआत की गई है। इस प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से ही वोट डालने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए हर विधानसभा में ऐसे मतदाताओं की पहचान कर घर से ही वोटिंग करने के इच्छुक मतदाताओं से फार्म भी भराए गए।

**दल के साथ वीडियोग्राफर :** घर से मतदान कराने के लिए लोकसभा में कुल 39 दलों को तैनात किया गया है। इनमें राजनांदगांव जिले में 17, कवर्धा में 10, खैरागढ़ जिले में 9 और मोहला-मानपुर जिले में दो दल गठित किए गए है। हर दल में मतदान को कैद करने के लिए एक वीडियोग्राफर भी साथ रहने वाला है।



#### 26 अप्रैल को मतदान

घर से वोटिंग भले ही 15 अप्रैल से शुरू है, लेकिन आम मतदाताओं के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराए जाएंगे। लोस क्षेत्र में कुल 1865175 मतदाता हैं। इनमें 936837 महिला मतदाता, 923029 पुरूष मतदाता है। लोकसभा में करीब 23 सौ मतदान केंद्र हैं। जिनमें सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। हालांकि मोहला-मानपुर जिले में वोटिंग सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगी।

#### कवर्धा विस में सर्वाधिक वोटर

*घर बैठे वोटिंग के लिए कुल 455 आवेदन आए थे। इनमें सबसे अधिक 130 मतदाता कवर्धा विस के हैं। कवर्धा में 85 प्लस उम्र के 91 और 39 दिव्यांग वोटर हैं। ऐसे ही पंडरिया में 85 प्लस उम्र के 29 और 07 दिव्यांग, खैरागढ़ विस में 85 प्लस उम्र के 42 और 25 दिव्यांग, राजनांदगांव विस में 85 प्लस उम्र के 58 और 19 दिव्यांग, डोंगरगढ़ विस में 85 प्लस उम्र के 46 और 44 दिव्यांग, डोंगरगांव विस में 85 प्लस उम्र के 21 और 13 दिव्यांग, खुज्जी विस में 85 प्लस उम्र के 4 और 7 दिव्यांग और मोहला-मानपुर जिले में 85 प्लस उम्र के 5 और 5 दिव्यांग मतदाता हैं।*

#### कुल 455 मतदाता शामिल

लोकसभा चुनाव के लिए राजनांदगांव सहित कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले को मिलाकर कुल 455 वोटरों को सुविधा दी जाएगी। लोकसभा क्षेत्र में कुल 296 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, वहीं 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता रखने वाले 159 विशेष योग्यजन मतदाताओं को भी इस प्रक्रिया में हिस्सा दिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए जिले में मतदान होना है। अब इन मतदाताओं से 18 अप्रैल से घर पहुंचकर मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिले में 19 दल गठित किया गया है। हर दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, पुलिस, वीडियोग्राफर, माइक्रो आब्जर्वर रहेंगे। इसके साथ ही राजनीतिक पार्टियां दल के साथ अपने अभिकर्ता भी भेज सकती है।

## श्रीराम नवमी की होगी धूम, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीराम नवमी पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धाभक्ति एवं हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। महावीर चौक से निकलने वाले शोभायात्रा में बाजे-गाजे एवं भजनों की प्रस्तुति होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

पत्रकारवार्ता में आयोजन समिति के प्रमुखों ने बताया कि कल 17 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक शहर के महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। दूसरे दिन 18 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर महावीर चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्रीराम दरबार सहित अन्य चलित झांकिया शामिल होंगी। बाजे-गाजे भजन मंडल आदिवासी नृत्य, अखाड़ा सहित अन्य वाद्य यंत्रों के साथ निकलने वाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस महावीर चौक पहुंचकर समाप्त होगी। पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से अरूण गुप्ता, नंदूराम साहू, राधेश्याम गुप्ता, अनूप श्रीवास, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, प्रधांत दुबे उपस्थित थे।

#### मंदिरों में होगी विधि-विधान से पूजा

इधर श्रीराम नवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। इस मौके पर कई स्थानों पर भंडारा महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया है। घरों में भी लोगों ने भगवान श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धाभक्ति के साथ मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की है।

## अष्टमी पर मंदिरों में विधि-विधान से हवन, आज विसर्जित होंगे जोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चैत्र नवरात्र पर्व के तहत मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में विधि-विधान से हवन पूजन किया गया। देवी मां का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति रही।

ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ होते ही अंचल में भक्ति का माहौल निर्मित है। देवी मंदिरों में शक्ति की देवी मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं भक्तों द्वारा मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित किए गए हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जसगीतों की गूंज बनी हुई है।

आज महाअष्टमी पर्व पर घर व मंदिरों में शक्ति की देवी मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिरों में हवन-पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। देर शाम तक हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज रही। हवन-पूजन के साथ ही घर व मंदिरों में कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराने का सिलसिला जारी है। इधर अष्टमी हवन के पश्चात अब घर एवं मंदिरों में स्थापित किए गए जोत-जंवारा का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जसगीतों के बीच शोभायात्रा निकालकर तालाब में जंवारा विसर्जन का सिलसिला नवमी में बना रहेगा। शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण बूढ़ासागर तट पर जंवारा विसर्जन करने के लिए भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। वहीं शहर के अन्य तालाबों में भी जंवारा विसर्जन किया जाएगा। चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर लोगों के बीच श्रद्धाभक्ति का माहौल बना हुआ है। वहीं पूजा सामग्रियों की मांग भी बनी हुई है। जिसके चलते बाजार में बढ़ी चहल-पहल से रौनक बनी हुई है।

### 21 अप्रैल को प्रियंका और 22 को योगी करेंगे प्रचार

# कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों का लौटते ही चुनावी माहौल हो रहा गायब, फील्ड पर कार्यकर्ता सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश में अगली सरकार तय करने के लिए सात चरणों में लोकसभा के चुनाव कराए जा रहे हैं। राजनांदगांव सीट दूसरे चरण में शामिल है। इस सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद संतोष पांडे को दोबारा मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। पूर्व सीएम के चुनावी रण में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि राजनांदगांव लोकसभा में चुनावी पारा गर्म रहेगा, लेकिन ऐसा फील्ड पर देखने को नहीं मिल रहा है।

दोनों ही प्रत्याशी अपने लिए तो खूब मेहनत कर वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं में अब तक वो जोश नहीं दिखा है। हालत यह है कि जिन इलाकों में दोनों ही प्रत्याशी पहुंचते है, वहां तो जमकर चुनावी रंग नजर आता है, लेकिन उनके वहां से निकलते ही माहौल फिर सुस्त पड़ जाता है। वहीं जिन विधानसभा में प्रत्याशियों का दौरा नहीं होता, वहां पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी कोई मेहनत करते नहीं दिखाई दे रहे हैं।

#### डोंगरगांव में प्रियंका, कुमर्दा आएंगे योगी





दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोकसभा में 24 अप्रैल की शाम प्रचार का शोर-गुल थम जाएगा। ऐसे में प्रचार के अंतिम दिनों में भाजपा और कांग्रेस अपने दिग्गजों को मोर्चा संभालने के लिए भेज सकती है। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए वोट मांगने 21 अप्रैल को प्रियंका गांधी की मोहड़ में जनसभा होगी। वहीं सचिन पायलट की भी एक सभा कराने की तैयारी है। ऐसे ही भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए 21 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुमर्दा आएंगे।

***विधानसभा चुनाव में था माहौलः*** *जबकि छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में दोनों ही दलों द्वारा जमकर पसीना बहाया गया था। ठंड के उस मौसम में भी सियासत का पारा काफी गर्म रहा। प्रत्याशियों के अलावा भाजपा-कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की थी। रोजाना विधानसभा के अलग-अलग इलाकों में रैली दिखाई दे रही थी, परन्तु लोकसभा के इस चुनाव में वैसा रंग नहीं दिख रहा है।*

#### सिर्फ सोशल मीडिया में एक्टिव पार्टी

इस चुनाव में फील्ड से गायब नजर आने वाली भाजपा और कांग्रेस सोशल मीडिया में पूरी तरह से एक्टिव है। आधुनिकता को अपनाते हुए दोनों ही दलों ने सोशल मीडिया में अपना जमकर प्रचार करने के लिए बकायदा टीमें तैनात की हुई है। दोनों ही दल एक-दूसरे की नाकामी गिनाने के साथ ही अपने वादे भी जनता तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। दोनों प्रत्याशी भी सोशल मीडिया के जरिये एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।




## खबर संक्षेप



### शांति भंग करने वालों पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की कड़ी निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 16 अप्रैल को शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर धारा 151, 107, 116 (3) के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई उसमें जीतू खोब्रागढ़े पिता मीताराम निवासी भाठापारा, अनिल कुमार भारती पिता अगरदास भारती निवासी कुन्ड्रा, जिला बलौदाबाजार, उपेन्द्र राम पिता अशोक राम निवासी ग्रीन चौक दुर्ग, मनोज शर्मा पिता जगदीश चंद निवासी मरोदा बस्ती शामिल हैं।

### साक्षी ने परोसा न्योता भोज

**बुचीभरदा।** ग्राम की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में गत दिनों न्योता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा चौथी की साक्षी ने नया ट्रेक्टर खरीदने पर यह आयोजन किया था। साक्षी ने मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा। इस अवसर पर प्रधान पाठक राकेश सोनी, चांताराम साहू, शिक्षक विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, लेमत भूआर्य आदि उपस्थित थे।



### सौ फीसदी मतदान की ली शपथ




**खैरागढ़।** स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शा प्रा शा कट्टाहा नवागांव में ग्रामीणों एवं युवाओं के साथ मिलकर स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर शाला के प्रधान पाठक रामलाल साहू की अगुवाई में स्कूली बच्चों के साथ नियमित रूप से गांव में मतदान करने जाना है, अपना फ़र्ज़ निभाना है नारा के साथ रैली निकाली जा रही है। लोगों को लोकतंत्र में मतदान का महात्व के साथ-साथ जागरूक किया जा रहा सरपंच वेदराम राम साहू, थलेन्द जोशी पंच, सचिव पुलस वर्मा, रोजगार सहायक प्रीति कुर्रे के साथ रोजगार गारंटी कार्यस्थल जाकर लोगों को स्कूली बच्चों ने मतदान की शपथ वाचन के साथ मतदान करने की निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने की शपथ दिलाई। सहायक शिक्षक सुकालू राम साहू ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया।

### जसगीतों के बीच भक्तिमय वातावरण के साथ हुए विविध धार्मिक आयोजन

# देवी मंदिरों में अष्टमी को हुआ हवन, आज विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देर रात सप्तमी अभिषेक के साथ ही मां बम्लेश्वरी उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में मंगलवार को सुबह हवन की शुरूआत हुई। हवन के साथ ही 9 दिन तक चले आदिशक्ति के इस पर्व का समापन कल ज्योति विसर्जन के साथ होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व से चली आ रही परम्परा के अनुरूप अष्टमी हवन के पूर्व माता जी के दरबार में नारियल बांधा जाता है। अष्टमी के बाद ही नारियल बांधकर ही लोग प्रसाद ग्रहण करते है। 3 घंटे तक चले अष्टमी हवन के साथ ही उपर मंदिर में माता को विशेष भोग चढाया गया। नीचे मंदिर स्थित यज्ञ परिसर में सप्तसती पाठ का समापन हुआ। नीचे मंदिर में कलश यात्रा के पूर्व विधिवत होने वाले चंडी यज्ञ की तैयारी की गई।



#### आज होगा ज्योति विसर्जन

कल बुधवार को होने ज्योति विसर्जन को लेकर ट्रस्ट समिति ने तैयारी भी शुरू कर दी थी। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दोपहर 2 बजे तक ज्योत उठाने वाली महिलाओं से बिल्ला लेने की अपील की। उन्होने बताया कि ज्योति उठाने वाली महिलाओं को शाम 7 से 8 बजे के बीच साड़ी देकर ओटी भरा जाएगा। ज्योति कलश रात्रि 9 बजे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकलेगी जो महावीर मंदिर पहुंचेगी।

### नवरात्रि पर ग्रामीणों ने की पूजा आराधना



**घुमका।** घुमका अंचल में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। अष्टमी को देवी मंदिरों में यज्ञ और पुरोहित के उपस्थिति में विधि विधान से हवन पूजन किया गया। उल्लेखनीय है कि अंचल के टांगा भांवर मंदिर में 8, घुमका शीतला मंदिर में 13, तालाब शीतला मंदिर में 28, दुर्गा मंदिर कलडबरी में 3, डोंगा पत्थरा मंदिर में 126, लहंगा दाई मंदिर गिधवा में 127, बंजारी मंदिर बरगाही में 99, शीतला मंदिर मुरमुंदा में 65, छोटे बिरेझर में 2, बड़े बिरेझर के दुर्गा मंदिर में 28, जराही में 4, खर्रा में 15, बड़े टेमरी में 41, छोटे टेमरी में 11, कलडबरी में 9, टुरीपार में 2 ज्योति कलश स्थापित किया गया था। नौ दिनों तक ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ जगत जननी की पूजा आराधना किया।

#### घरों में जोत जंवारा

मुरमुंदा के नरसिंह यादव, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, छोटे बिरेझर के पुरुषोत्तम साहू, बड़े बिरेझर के गेंदुराम निषाद, हेमंत साहू, सरपंच टीकम वर्मा, खरा के जीवन यादव, महेश, सुरेश निषाद, छोटे टेमरी के रामचंद साहू, कलडबरी के रामेश्वर साहू, उदय मांडवी, जोगी यादव, भटगांव के बरछी बाला यादव, टुरीपार के सतानंद यादव, घुमका रामसुख वर्मा, गजानंद वर्मा, रामनाथ वर्मा, कोमल वर्मा, चंद्रिका, पीतांबर वर्मा, शीकू साहू, राजाराम मरई ने कुलदेवी के दरबार को ज्योति कलश एवं जावरा से सजाया था। कल बुधवार को तालाब में ज्योति जंवारा का विसर्जन किया जाएगा।

## आंबेडकर को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आम्बेडकर विद्यालय में डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की 133वी जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्य सूर्यवंता तुरे के निर्देशन में तहसील प्रांगण स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया।

विद्यालय के शिक्षक ए ब्राम्हणकर, आर मोहने, एम गजभिये, वी पोचार, एस पटेल, टी भावे, ए यादव, डी दुतारा, जे बनाफर, पी बोम्बडे, इंदुरकर, आर सक्सेना आदि ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। एम गजभिये ने बुद्ध वंदना ग्रहण कराया। गया। छात्रा छात्राओं ने गीत, भाषण, कविता, नृत्य आदि प्रस्तुत किए। एम गजभिये ने आम्बेडकर की जीवनी पर गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर भूमिका बघेल को हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर पुरस्कृत किया गया।



### आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनी

**जेवरतला रोड।** ग्राम पंचायत टटेंगा में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष गौतम रंगारी एवं सचिव कमलेश कुमार बोरकर के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में त्रिशरण, पंचशील एवं परित्राण पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाम को निर्मला बोरकर, लता, सत्यभामा, मंजुला, उमा, माला, ज्योति, इंदू गोदावरी आदि ने त्रिशरण, पंचशील का पाठ किया। बच्चों ने जमकर आतिशबाजी किया।

### जयंती पर निकाली विशाल बाइक रैली



**बांधाबाजार।** कोटरा में जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम जोरातराई, थैलीटोला, जादूटोला, मांझीटोला, कोटरा, गुंडरदेही, वासडी, बंजारी, बीरुटोला, बन नवागांव, भर्रीटोला, कोर्रामटोला, सरस बंजारी, भेजराटोला आदि गांव के बौद्ध समाज ने किया था। बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने गाजे बाजे, डीजे के साथ बाईक रैली ग्राम गुंडरदेही से निकला। बांधा बाजार जय स्तंभ में सामाजिक कार्यकर्ता धरमपाल सुखदेवे, अनीश मेनन, मुश्ताक भाई, युवराज नेताम, प्रज्ञा गोडबोले, जोगीराव खोब्रागढ़े, कीरत गणवीर ने केक काटकर सभी को खिलाया। युवराज नेताम, धरमपाल सुकदेव के नेतृत्व में निकली रैली में बच्चे, महिलाएं आदि शामिल हुए। मुस्लिम समाज दादू खान ने बांधा बस स्टैंड में रैली में शामिल सभी लोगो को शरबत पिलाया। कार्यक्रम में जसवंत गावड़े, सुरेश रावटे, नंदकुमार गोदिया, देशराम कोर्राम, पवन मंडावी, संतु मंडावी, मनभावन सिंह उइके, धरमपाल सुखदेवे, जितेंद्र मेश्राम एवं युवराज नेताम ने सतरंगी झंडा फहराया। यह जानकारी वेद सोनवानी ने दी।

# मतदाताओं को लुभाने जुटे राजनीतिक कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गत दिनों तूफानी दौरा करते हुए घुमका ब्लॉक, डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक के छिपा, पलांदुर, बसंतपुर, मोहरा, खैरबना, ठाकुरटोला, कोलेंद्रा, बेलगांव और अछोली में जनसंपर्क किया।

श्री बघेल के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की विफलता को जनता के सामने रखा और कांग्रेस की सरकार बनने पर महालक्ष्मी नारी न्याय योजना से महिलाओं को 1 लाख सालाना, मनरेगा श्रमिक को प्रतिदिन चार सौ, किसानों का कर्ज माफ, समर्थन मूल्य में वृद्धि, बेरोजगारों को नौकरी और प्रशिक्षण की सुविधा देने की बात कही।

#### ऐसे देंगे राशि

ठाकुरटोला के एक महिला ने सवाल किया देश की महिलाओं को सालाना एक लाख कैसे देंगे? महिला के सवाल का जवाब देते हुए श्री बघेल ने कहा कि मोदी सरकार ने कुछ कारोबारियों का 16 हजार करोड़ कर्ज माफ किया है। आप लोगों को 1 साल में 4 हजार करोड़ देना पड़ेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, पंकज बांधव, सुरेश सिन्हा, रतन यादव, शेखर वर्मा, महेंद्र यादव, पुष्पा वर्मा, शोभाराम बघेल, लोकनाथ भारती, विष्णु लोधी, चुम्मन साहू, फिरंगी पटेल, लता साहू, पंचराम चंदेल, शिशुपाल भारती, गोविंद टंडन, गोकरण कोसले, त्रिवेणी वर्मा, राजू वर्मा, नेतराम साहू, दिनेतू जांगड़े, ओंकार लिल्हारे, गोमती, सालिक मरकाम, राजू राजपूत, शत्रुघ्न वर्मा, छन्नू वर्मा, प्रीतम वर्मा, सामसाय टांडेकर, विश्राम वर्मा, बेनू वर्मा, संतु वर्मा, मोति वर्मा, सियाराम वर्मा, गैंदा ठाकुर, रणजीत भारती, खोमलाल वर्मा, मुरली वर्मा, गौकरण वर्मा, दयाल साहू, नेपाल सिंह, संगीता धगेश, दीपक वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, विक्रम साहू, कमल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, टुमेश नेताम, रूपेश वर्मा, घनश्याम साहू, मूलचंद साहू, योधन साहू, पोमेश कुमार, लाल सिंह चंद्रवंशी, पल्टू लहरे, मोरध्वज वर्मा, दयालू वर्मा आदि उपस्थित थे।





#### मजदूरों को कांग्रेस देगी 400 रुपए रोजी

**डोंगरगाव।** कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा ने गत दिनों पदाधिकारियों और कार्यकर्तासो के साथ बरगाव पहुंच कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों को मोदी सरकार की नाकामियों से अवगत कराया। उन्होंने कांग्रेस की घोषणाओं का जिक्र करते हुए बताया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख और मनरेगा के श्रमिकों की मजदूरी दर बढ़ाकर 400 रूपए प्रतिदिन दिया जाएगा।

### चुनाव कार्यालय खुले, गतिविधियां तेज



**गंडई पंडरिया।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान को अब कुछ ही दिन शेष है। आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव को देखते हुए भाजपा- कांग्रेस ने कार्यालय खोलकर जमीनी गतिविधियों को तेज करना शुरू कर दिया है। कार्यालय ये झंडा, बैनर,पोस्टर, फ्लेक्स, मतदाता पर्ची वितरित करने के अलावा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। 16 अप्रैल को कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन विधायक यशोदा वर्मा ने किया। दुर्ग रोड पर स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय से चुनावी गतिविधियां संचालित होगी। इस मौके पर आरती महोबिया, चेतन देवांगन, अयुब कुरैशी, संजु चंदेल, बांके वर्मा, भिगेश यादव, दिलीप ओगरे, सूरज नामदेव, दामोदर जायसवाल, अमित टंडन सहित अन्य उपस्थित थे।

#### पहले खुला भाजपा कार्यालय

गंडई से ख़ैरागढ़ मार्ग पर भाजपा चुनाव कार्यालय संचालित किया जा रहा है। गत दिनों भाजपा कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, घम्मन साहू, खम्हन ताम्रकर, राजेश मेहता, जीवन दास रात्रे, टेकन देवांगन, श्यामपाल ताम्रकर, धरमु पटेल, अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, मनीषा चतुर्वेदी, यतीश कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

#### प्रचार करने भाजपाई पहुंचे गांव

**डोंगरगांव।** जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, पूर्व मंडल अध्यक्ष फागुराम सिन्हा, जनपद सदस्य राजू यादव ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने खम्हेरा, तिलईरवार, तेंदुनाला, दर्राबांधा, अडाम, सांगिनकछार, विचारपुर नवागांव पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साधा और केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया।



### श्री रामजानकी मूर्ति स्थापना पंचम वर्ष का अभिषेक एवं भंडारा आज

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ आंध्रा समाज द्वारा केदारबाड़ी वार्ड नं. 03 में परब्रम्ह परमेश्वर श्रीराम माता जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का पंचम वर्ष पूर्ण होने एवं श्रीरामनवमी महोत्सव महाभिषेक पूजन का आयोजन 17 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से अभिषेक पूजा एवं महाभोग प्रसाद (भण्डारा) दोपहर 12 बजे से काली मंदिर के पास आयोजित है। आयोजन समिति ने भक्तजनों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### पूर्णाहुति आज

**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि के नौ दिनों तक अखंड मंत्र, जाप, पूजा-पाठ सहित ध्यान, साधना, आराधना, उपासना के पश्चात अंतिम दिन आगामी 17 अप्रैल को नवरात्रि महापूर्णाहूति का आयोजन किया गया है। इस दिन मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार संपन्न किए जाने का भी कार्यक्रम आयोजित है।

## महिलाओं का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** शहर मंडल भाजपा ने स्थानीय लोधी भवन में महतारी वंदन योजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड, प्रदीप बाघ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम की शुरूवात पं.दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने केन्द्र सरकार की महिलाओं के प्रति सोच और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पूर्व विधायक खांडेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दिया है। कार्यक्रम में 24 बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर अमित जैन, प्रकाश चौरडिया, रामकृष्ण कन्नौजिया, संतुराव अन्ना, महेन्द्र अग्रवाल, बिजेन्द्र ठाकुर, तुलसी मिश्रा, परविंदर सिंग मोंटी, अनिल पांडे, रामसाय डड़डसेना, ज्योति बडवाईक, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, निर्मला त्रिपाठी, रिया साहू, सुशीला साहू, शारदा निषाद, नीलम यादव, रिता बोस, पूनम ठाकुर, इंदू यादव, अनिता देशमुख, श्रेया, गीता, सुमन चैहान सहित अन्य उपस्थित थे।




### राजनीतिक विज्ञापनों एवं पेड न्यूज के संबंध में ली जानकारी

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी कक्ष का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन (आईडीएएस) ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित लेखा दल एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा भी उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने सर्व प्रथम अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण के लिए स्थापित व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर प्रत्याशी और राजनैतिक दल द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक निर्वाचन व्यय का पारदर्शिता के साथ लेखा-जोखा हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही समस्त दस्तावेजों का अवलोकन किया तत्पश्चात उन्होंने एमसीएमसी कक्ष में सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज के मामलों में निगरानी एवं चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीडिया उल्लंघन के मामलों की निगरानी के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के तहत स्थापित इलेक्ट्रानिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज की जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सहायक व्यय प्रेक्षक जेआर साव, एसडीएम छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे सहित संबंधित अधिकारी और एमसीएमसी एवं व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।



#### चुनाव कर्मियों को दी जानकारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु समस्त गठित की गई दलों के संबंध में व्यय प्रेक्षक को महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराए। साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्य में किए जा रहे कार्य के संबंध में चर्चा की। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण प्रेम कुमार पटेल ने जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा सभाओं, जुलूस, रैली, रोड-शो, पोस्टर, पाम्पलेट, टीवी, आकाशवाणी, समाचार-पत्रों, बैनर, दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से चुनाव प्रचार में किये जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसी तरह भारी मात्रा में नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु, शस्त्र इत्यादि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए जिले में 4 एसएसटी टीम गठित किए गए है। जिसमे विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 खैरागढ़ हेतु 3 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 डोंगरगढ़ (आंशिक) हेतु 1 है। लेखा दल के निरीक्षण में शिकायत सेल, शिकायत रजिस्टर एंट्री, कॉल सेंटर में फोन को 24 घंटे एक्टिव रखने के निर्देश दिए एवं एकाउंटिंग टीम के सभी सदस्यों के कार्यों का अवलोन कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप



### गायत्री विद्यापीठ के बच्चों ने किया देवी दर्शन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में स्थित काली बाड़ी मंदिर के दर्शन किए। जिसका उद्देश्य बच्चों में नैतिक गुणों के विकास के साथ-साथ अध्यात्म पर आस्था, विश्वास को बढ़ावा देना था। जिसमें बच्चों ने देवी आराधना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही देवी आरती के पश्चात पवित्र मंत्रोच्चारण करते देवी का गुणगान किया। बच्चों ने 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता' का सस्वर पाठ कर एक स्वर में माता का सुमधुर भजन सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रभारी शिक्षिका वसुधा लड्ढा, सोनल रायचा एवं प्री-प्राइमरी विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अनिल बाजपेयी, अमित उत्तलवार, रश्मि ठाकुर एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी व्याख्याता उषा झा ने दी।

### आज मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में आगामी 17 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं।

### जयंती पर माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर स्टेशनपारा स्थित उनकी मूर्ति पर समाजसेवक संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी संजीव सिंघल ने माल्यार्पण किया। श्री सिंघल के साथ राजनांदगांव के संघ के जिला अध्यक्ष भीमा साहू भी थे। श्री सिंघल ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर जैसे महापुरूष और समाज सुधारक युगों में कभी संसार में आते हैं। उन्होंने दलितों के लिए जो कार्य किया है, वह असाधारण है। अब्राहम लिंगन और मार्टिन लूथर किंग की श्रेणी में बाबा साहेब को रखते श्री सिंघल ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों की पीड़ा को समझते उनके कल्याण हेतु ठोस उपाय किए हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन देकर लगाई गुहार

# कई समस्या और मांगों को लेकर पेंशनर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पेंशन समस्याओं के निराकरण को लेकर पेंशनर एसोसिएशन ने सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के माध्यम से सौंपे ज्ञापन में एसोशिएसन ने कहा कि 14 फरवरी को प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक मे निर्णय लिया गया कि 16 जनवरी को उनकी नौ सूत्रीय मांगों सहित समस्या निराकरण को लेकर सौंपे पत्र के संदर्भ मे प्रतिनिधिमंडल चर्चा करेगा।

जिला अध्यक्ष बसंत यदु ने बताया कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई 23 से राहत पेंशन को चार प्रतिशत बढ़ा दिया था जिसे अब पचास प्रतिशत करने की जानकारी मिल रही है। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ राहत पेंशन उन्हें नही मिल रहा है बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराचंल मे पेंशनरों के पेंशन दायित्वों का भुगतान यह राज्य स्वतंत्र रूप से करते है और पुनरीक्षित वेतनमान अनुसार केंद्र द्वारा राहत पेंशन और एरियर्स संबंधी आदेश का उसी दिनांक से पालन करते है।

जिलाध्यक्ष बसंत यदु ने बताया कि छग और मप्र में इसके ठीक उलट प्रक्रिया अपनाई जा रही है। राज्य पुर्नगठन की धारा 49 का बहाना बनाकर एक दूसरे की सहमति को भुगतान के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। 1 जनवरी 2006 को केंद्र ने छठवे वेतनमान अनुसार पेंशन देने का आदेश जारी किया, लेकिन छग में पुनरीक्षित वेतनमान अनुसार पेंशन भुगतान के लिए आयोग बना दिया और 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक 32 महीनों के एरियस भुगतान को अधर में लटकाते हुए 1 सितंबर 2008 से भुगतान का आदेश जारी कर दिया जबकि दोनों राज्यों ने अपने अपने राजपत्र में 32 महीनों के भुगतान का उल्लेख किया है।

#### सत्रह साल से नहीं हुआ है निराकरण

जिलाध्यक्ष बसंत यदु ने कहा कि 17 साल बाद भी दोनों राज्य सरकार पुर्नगठन अधिनियम की धारा का बहाना बनाकर भुगतान नही कर रहे है जबकि 32 माह के एरियर्स भुगतान की आस मे कई पेंशनरो का निधन हो गया है। छठवें की तरह सातवें वेतनमान को लेकर जनवरी 2016 मे एरियर्स भुगतान का आदेश जारी किया गया। मप्र सरकार ने 1 जनवरी 16 को जारी आदेश को 1 अप्रैल 18 से प्रभावशील माना और उसी की देखासीखी छग सरकार ने ऐसा ही आदेश जारी कर दिया। जिसके चलते 27 महीने का एरियर्स अटक गया है। जिलाध्यक्ष बसंत युद ने सीएम को सोंपे ज्ञापन मे 32 महीने का 17 साल पुराना और आठ साल पहले जारी हुए आदेश तहत 27 महीने के बकाया एरियर्स भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने, जुलाई 23 से राहत पेंशन की मांग को पूरी करने और जिला स्तर पर पेंशनरों की समस्या निराकरण के लिए सलाहकार समिति के गठन की मांग की है।

# रामायण की थीम पर फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के कक्षा केजी-टू से पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (रामायण की थीम पर आधारित) का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा एक रामायण के सभी पात्रों का अभिनय के साथ मुख्य संवाद भी प्रभावी ढंग से बोला। जिसमें प्रतियोगी विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया।

उक्त प्रतियोगिता में केजी-टू से प्रथम तिविश खंडेलवाल, द्वितीय दिव्यांशी त्रिपाठी एवं तिशिका चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली से प्रथम प्रकृति साहू, द्वितीय खुशी सार्वा, तृतीय दिव्यांशी महोबिया रही। कक्षा दूसरी से प्रथम प्रकृति जैन, द्वितीय चारूधि देहरी, तृतीय स्थान पर मौलिक सोनी रहे। कार्यक्रम का संचालन सीमा गायधने द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सोनल रायचा, वसुधा लड्ढा एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अनिल बाजपेयी, अमित उत्तलवार, रश्मि ठाकुर एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी व्याख्याता उषा झा ने दी।

# मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

## सतर्कता से करें कार्य, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 06 राजनांदगांव अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में हो रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेंद्र कुमार एवं कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण जिला मुख्यालय मोहला में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला एवं शा.कन्या माध्यमिक विद्यालय मोहला में दो पालियों में लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1,2,3 एवं सेक्टर अधिकारीयों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में जनरल ऑब्जर्वर शशि रंजन ने कहा कि मतदान कराना एक जिम्मेदारी व चुनौती पूर्ण भरा कार्य है। इसे सावधानीपूर्वक करना अतिआवश्यक है। लोकतंत्र के महापर्व को निष्पक्ष, पारदर्शी व स्वतंत्रता पूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी सार्थक भूमिकाओं का निर्वहन करने कहा। उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों को गंभीरता पूर्वक प्रपत्रों, एवं ईव्हीएम से सम्बंधित सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया।

मतदान दलों को प्रशिक्षण को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से लेने कहा गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी तरह के गतिविधियों का गंभीरतापूर्वक संचालन किया जाना आवश्यक हैं। एक छोटी सी चूक से मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बताई जा रही निर्देशों को गंभीरतापूर्वक सुनने और प्रायोगिक तौर पर ईव्हीएम का संचालन कर देखने कहा एवं मतदान से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों को लोक सभा निर्वाचन 2024 को सुचारु रुप से संपन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनायें दी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, मतदान दल प्रशिक्षण प्रभारी हेमंत ठाकुर, जिला मास्टर ट्रेनर धमेन्द्र सारस्वत, अजय तिवारी, सईद कुरैशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### वीवीपैड के संचालन की दी जानकारी

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन, वीवी पैड के संचालन की जानकारी दी गई। मतदान दलों को मतदान दिवस के अवसर पर कियें जाने वाले सभी प्रकार के कार्यों, बरती जाने वाली सावधानियों एवं सतर्कता की जानकारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कंट्रोल यूनिट के संचालन, बैलेट यूनिट के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को वास्तविक मतदान के पूर्व मॉकपोल करने ईवीएम एवं वीवी पैड चालू एवं बंद करने, मशीनों को लॉक करने इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को बताया गया कि किस तरह से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराया जाना है। सभी मतदान दलों को प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन दिवस पर सुचारू रूप से मशीनों का संचालित करने निर्देशित किया गया है।

# वेसलियन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, शत-प्रतिशत रहे नतीजे, छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बेहतर शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर समर्पित वेसलियन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य एस मसीह की अध्यक्षता और पालक समिति अध्यक्ष अनुराग तुरे, पास्टर टीके ग्वाल के आतिथ्य में नर्सरी से नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

अतिथियों ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पालक समिति अध्यक्ष अनुराग शांति तुरे ने कहा कि हम अपने बच्चों से परीक्षा परिणाम को लेकर बहुत अधिक अपेक्षा रखते हैं, चाहते हैं कि हमारा बच्चा टॉप करें, लेकिन उनकी इस सफलता में हमारा कितना योगदान है यह बेहद महत्वपूर्ण होता हैं, इसलिए सभी अभिभावकों खास तौर पर माता-पिता को आज की परिस्थितियों के बीच इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। अनुराग तुरे ने कहा कि यह जरूरी नहीं की टॉप करने वाला बच्चा ही जीवन में सफलता को पूरी तरह प्राप्त करें, जरुरी यह हैं कि आपका बच्चा पढ़ाई के साथ अपनी प्राकृतिक प्रतिभा को भी निखारते हुए आगे बढ़े। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य एस मसीह ने सफल होने वाले छात्र छात्राओ को बधाई सहित बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। अतिथि पास्टर टीके ग्वाल ने कहा कि बच्चों की सफलता व उनके बेहतर भविष्य निर्माण में किसी भी शैक्षणिक संस्थान के पूरे स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।



#### छात्रों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आयुष मेश्राम, लोकांक्षा वर्मा, भावना ढीमर, सेजल साहू, आयांश यादव, पूर्वी पटेल, हर्षित तिवारी, वीर जैन, आरोही जैन, साक्षी पाल, पीहू तंबोली, वर्णिका सिंह, समर वर्मा, नमन रजा, सोनम राजपूत, प्रेक्षा वर्मा, नैतिक सेन, तृप्ति वर्मा, हर्षित साहू, रितिका, जोया मेमन, निखिल सिंह, दीपाली सिंह, लव कोठले, दीपाली साहू सहित अन्य को सम्मानित किया गया। सेल्फी जोन मे वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं ने सेल्फी ली। इस दौरान पालक समिति सदस्य मुमताज खान, राजेश मिश्रा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

### सतनामी समाज ने मनाई जयंती

**राजनांदगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल अवसर पर शहर सतनामी समाज सेवा समिति नंदई रोड राजनांदगांव द्वारा गुरुघासीदास भवन में डॉ. अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती अवसर पर सतनामी समाज ने कार्यक्रम में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के शिक्षा के विषय में जोर दिया। शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन अध्यक्ष नरेन्द्र राय, पारस चंदनिया, उपाध्यक्ष किशन जोशी, कोषाध्यक्ष विनोद गेन्ड्रे, क्रेम पात्रे एवं मिनीमाता महिला मंडल की वरिष्ठ शकुनतला कौशिक, अध्यक्ष लक्ष्मी पात्रे, महामंत्री गंगा सोनवानी, कोषाध्यक्ष सरिता जोशी एवं एससी-एसटी हॉस्टल के विद्यार्थी एवं युवा वर्ग राज खरे, डायमंड कोठले, मयंक कुर्रे, शंकर कुर्रे, इंद्रकुमार खरे, संतोष जांगड़े, देवा गेन्ड्रे, कोमल कौशिक, बंशी बघेल, हेमू कौशिक एवं अन्य लोग शामिल थे। समाज के सचिव मनीष भारती ने कहा कि आज शहर सतनामी समाज नंदई बाबा गुरुघासीदास के दिए संदेश "मनखे मनखे एक समान" की बातों का अनुशरण करती है और बाबा गुरुघासीदास ने सत्य और सादगी के मार्ग में चलना सिखाया है और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने सत्य और सादगी के मार्ग में आने वाले बाधा से लड़ने का समस्त समाज को शिक्षा रूपी हथियार दिया और संवैधानिक रूपी ढाल दिया है।

# युवा चौपाल के बहाने युवाओं से मिलने पहुंचे विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



छुईखदान विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरई में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में नमो युवा चौपाल का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम खपरी दरबार के युवाओं व बुजुर्गों ने भाजपा के अब की बार 400 पार के नारे का समर्थन करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा व मोदी सरकार के द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाएं आमजनों तक पहुंचाने के लिए युवाओं से निवेदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित चोपड़ा ने युवाओं को आगे आकर काम करने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम में इस दौरान जिला मंत्री शोएब रजा, जिला आईटी सेल प्रभारी कमलेश साहू, मंडल महामंत्री, उपाध्यक्ष विश्वनाथ चंद्राकर, कौशल चंदेल, खेलन, राजेश, सीत, होरीलाल, आनंद, बसंत, त्रिलोचन, धनेश, धूरु, विदेशी, गुलाल, मिलन, दीनदयाल, दिलकुमार, मोंटू, मनोज, जयप्रकाश, ईश्वरी, थानु, प्रमोद, तुकाराम, अशोक गोवर्धन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### लोगों को जागरुक करने की जरुरत

श्री सिंह ने चौपाल में युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आज अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास, नलजल योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य लाभकारी योजनाएं हमारी सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। हम सभी को इन योजनाओं का लाभ आमजनों को पहुंचाना चाहिए। यह सभी योजनाओं की जानकारी देने और योजना का लाभ लेने के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत हैं। इस पर हमे विशेष ध्यान देना चाहिए।

### टीम भावना के साथ करें काम

# व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने निर्वाचन अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी प्रशिक्षण प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने सभी को आपसी समन्वय साथ काम करने पर बल देते हुए कहा कि अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का समुचित संधारण के लिए टीम भावना के साथ काम करें। चुनावी खर्च पर पर विस्तारपूर्वक चर्चा बाद कहा कि एईओ का दायित्व सम्पूर्ण एकाउटिंग टीम की व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। उन्होंने वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी की तैनाती और उन्हें उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले, सहायक व्यय प्रेक्षक जेआर साव, लीड बैंक मैनेजर गजानंद धाकिते, जिला आबकारी अधिकारी डिगेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप करें कार्य

बैठक मे प्रवीण रंजन ने सभी अधिकारियो को आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप काम करने कहा। समस्त वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध स्थिति पर विशेष निगरानी का निर्देश दिया और कहा कि चेक पोस्ट में निर्वाचन को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जब्ती की कार्रवाई नियमित होते रहे साथ ही वाहनों के रिकार्ड मेंटेन करने कहा। उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल और एमसीएमसी टीम को सक्रिय रहकर काम करने कहा। सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रत्याशी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। व्यय अनुवीक्षण को महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए प्रवीण रंजन ने टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, लेखा दल को समन्वय से कार्य करने कहा वही सभी बैंको को निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देकर काम करने कहा।

# अभियान चलाकर दिला रहे मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



लोकसभा निर्वाचन दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सघन मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार नगर पंचायत गंडई में मतदाता जागरुकता कैंपेन का आयोजन हुआ, जिसमें स्वीप के जिला आइकॉन डॉ पीसी लाल यादव ने मतदाता शपथ दिलाया। स्वीप नोडल लालजी द्विवेदी और सहायक स्वीप नोडल कृष्ण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता व शत-प्रतिशत मतदान को लेकर रैली निकाली गई। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में भी मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई। यहां, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरुकता अभियान को प्रोत्साहित किया गया। अभियान तहत मतदान केंद्र क्रमांक 222, 225, 226, और 228 में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर शपथ दिलाई गई। वही भारत स्काउट गाइड जिला संघ के स्काउट गाइड ने शहर में मतदाता जागरूकता अभियान तहत रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड जिला संघ सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा, विकासखंड सचिव सुनील गुनी सहित स्काउट गाइड उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्काउट गाइड की छात्राओं द्वारा शहर सहित गांवों में भी विभिन्न स्थानों में बैनर पोस्टर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## सार समाचार

### एनबीआईएस में कैरियर काउंसिल



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में एनबीआईएस एवं नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव के कक्षा 11वीं के बच्चों के लिए शाला द्वारा विशेष कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। यह सेशन साइक्लोलाजिस्ट, कैरियर मेंटर एवं यू-ट्यूबर विशाल कुमार पांडेय भिलाई द्वारा लिया गया। श्री पांडेय द्वारा बच्चों को विषय अनुरूप नई आधुनिकता के साथ नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई, ताकि बच्चे भविष्य में ऐसे विषयों का चयन कर पाए। जिससे बच्चों को लाभ प्राप्त हो। इसके अलावा विषय अनुसार सभी विषयों की क्रमवार जानकारी दी गई। काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों को विषय चुनने में सहायता मिलती है, जो बेहतर भविष्य के लिए उपयुक्त हो। शाला का उद्देश्य बच्चों के भविष्य को गढ़ना है। जिसमें बच्चों को अपने उद्देश्य के लिए प्रेरित करना है। श्री पांडेय द्वारा बच्चों के सवालों का जवाब दिया गया। साथ ही बच्चों की समस्याओं का भी समाधान किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा श्री पांडेय का आभार प्रदर्शन किया गया। साथ ही श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को आश्वस्त किया गया कि निश्चय ही श्री पांडेय द्वारा लिया गया यह सेशन बच्चों का उचित मार्गदर्शन देंगे और बेहतर भविष्य के लिए इस तरह की काउंसलिंग की आवश्यकता भी है।

### पुनः सांसद बनने पर क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : रमेश

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि यह



चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 2047 तक हमारे भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का चुनाव है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पटेल ने कहा कि मोदी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है और विश्व में भारत का डंका बजाया है। मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाकर गरिमा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है, इसलिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। मोदी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

### युगांतर में समर कैंप का आयोजन 27 से



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में आगामी 27 अप्रैल से नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन रखा गया है। समर कैंप में भाग लेने पूर्व में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इस आयोजन को लेकर नगर के विद्यार्थियों में उमंग का वातावरण बना हुआ है। विद्यार्थीगण आयोजन में भाग लेने के साथ-साथ विद्यालय में एडमिशन लेने के लिए निरंतर आ रहे हैं।

विद्यालय में एडमिशन के लिए सीट सीमित होने के कारण बच्चों के पालकों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय की समर कैंप प्रभारी वंदना सिंह तथा शालिनी नायर ने बताया कि युगांतर द्वारा नगर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का रचनात्मक आयोजन हर वर्ष रखा जाता है। इसमें विद्यार्थी नई उमंग और उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा विकास करते हैं। उन्होंने नगर के सभी विद्यालय के विद्यार्थियों से यह अनुरोध किया है कि वे बड़ी तादाद में इस बहुआयामी रचनात्मक आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का विकास करें। इस समर कैंप में विभिन्न राज्यों से आए विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों द्वारा सेवाएं दी जाएगी। इन प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योगा, जुम्बा, बैडमिंटन, स्केटिंग,कराटे, चैस, स्वीमिंग, कैलीग्राफी, नृत्य, संगीत, रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों से इस आयोजन में सहभागिता दर्ज कर आयोजन को यादगार बनाने का आह्वान किया है।

### कुलदीप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म परिषद गौरक्षा वाहिनी छग की प्रदेश बैठक में



सनातन धर्म परिषद गौरक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कृतिनारायण पांडे एवं छग के प्रदेश अध्यक्ष शशांग देशमुख के नेतृत्व में सागर कुलदीप को छग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष संदीप वालस्कर एवं सचिव आशिष यादव, उपाध्यक्ष प्रशांत खूंटे को बनाया गया है।

## 15 हजार से अधिक महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

# शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आव्हान कर रही समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने बिहान समूह की महिलाओं ने डोंगरगढ़ में कलस यात्रा निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने कलस यात्रा निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर लोकतंत्र में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों का आव्हान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान



के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, कलस यात्रा, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं हैं।

जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम बागनदी, मोहला, भर्रीटोला, देवरसूर, कुदुम्कासा, जोबटोला, देवकट्टा, रूवाताला, मुसराकला, रामगढ़, आमाटोला, हाथीकन्हार, सांकरदाहरा, उसरीबोड़, मार्कनपुर सहित 89 से अधिक ग्रामों में लगभग 15 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रहीं है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी पांडे आज डोंगरगांव विस में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में पहुंचकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं।

श्री पांडे कल 17 अप्रैल को अपना जनसम्पर्क अभियान को लेकर डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव में प्रवास पर रहेंगे तथा अनेक स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसंपर्क अभियान की शुरूआत डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमतरा से सुबह 10 बजे होगी।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे सुबह 10 बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत करमतरा में ग्रामीणजनों से मुलाकात करने के पश्चात ग्राम किरगी, बड़गांव चारभाठा, खुज्जी, मनेरी, दीवानभेड़ी, मारगांव, मचानपार, बोदेला, आरगांव, बाकल, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी पहुचेंगे। फिर वे रात्रि 8 बजे राजनांदगांव पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे एवं रात्रि विश्राम राजनांदगांव में करेंगे। इस दौरान जिले के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेस का डोर-टू-डोर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के चलते राजनांदगांव शहर के दक्षिण ब्लॉक के वार्ड क्र. 30 में कांग्रेस की 5 न्याय गारंटी योजना को लेकर डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने शहरवासियों से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के चहूंमुखी विकास के लिए प्रचंड मतों से जीताने की अपील की।



जनसंपर्क के दौरान वार्ड के प्रभारी मेहुल मारू ने कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी योजना से वार्डवासियों को अवगत कराते कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। जोन प्रभारी राजेश चौहान एवं बूथ अध्यक्ष शकील रिजवी ने कांग्रेस की महालक्ष्मी गारंटी योजना के संबंध में गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 8333 प्रतिमाह देने के वादे के साथ संपर्क कर समर्थन मांगा। जनसंपर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ी हुई महंगाई और पूर्व में कांग्रेस के शासन के समय आवश्यक वस्तुओं के दामों के अंतर को बताने वाले पाम्प्लेट का वितरण कर बढ़ती महंगाई खत्म करने भूपेश बघेल को जीताने की अपील की। उक्त अवसर पर विष्णु सिन्हा, आफताब अहमद, शकील रिजवी, राजेश चौहान, हाफिज वारसी, सोनू भाटिया, शमशेर, जावेद अंसारी, राजा भाई, तनवीर, जितेंद्र शर्मा, सलीम भाई, महेंद्र कुमार, हफीज वारसी, गजेन्द्र शर्मा सहित वार्डवासी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया में भूपेश का मार्कडीप वीडियो वायरल, कांग्रेस ने की आयोग से शिकायत

**राजनांदगांव।** संसदीय क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों में अपनी सुनिश्चित हार को देखते भाजपाई लगातार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी भूपेश बघेल के चरित्र हनन का लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं, जो भाजपाइयों के आपराधिक मानसिकता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोकतंत्र के शांतिपूर्ण निर्वाचन में बाधा पहुंचाने का उनका कार्य है। भाजपा आईटी सेल के प्रदेश के बाद जिला स्तर पर इस प्रकार का कृत्य आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ व्यक्तिगत आक्षेप लगाने वाला भी आपराधिक कृत्य किया गया है। जिसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश युकां महासचिव मानव देशमुख, शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, सचिव अतुल शर्मा ने रिटर्निंग आफिसर राजनांदगांव से की है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि पूर्व में भी प्रदेश भाजपा आईटी सेल की आयोग के समक्ष प्रमाणित शिकायत की गई थी। जिसके बाद भी भाजपाइयों के हौसले बुलंद हैं और निर्वाचन आयोग को आम जनता के बीच में बौना साबित कर रहे हैं। भाजपा के जिला आईटी सेल के पदाधिकारी गिन्नी चावला द्वारा फिल्म के क्लिपिंग में किरदारों के चेहरे पर एडिटिंग कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल मार्कडीफ (मार्कडीप वीडियो) बनाकर बेबुनियाद आरोप लगाते महत्वपूर्ण एवं चर्चित व्हाट्सएप ग्रुप में 15 अप्रैल को 11.33 मिनट में एक ऐसा वीडियो पोस्ट किया गया है, जो घोर आपत्तिजनक होने के साथ-साथ गंभीर आपराधिक कृत्य है, जिसे एक कुत्सित मानसिकता का साजिश है। उक्त वीडियो को अन्य लोग भी पोस्ट कर सकते हैं। जिससे अप्रिय वातावरण बनने की पूर्ण संभावना है, क्योंकि पोस्ट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा धूमिल होने के साथ-साथ राजनीतिक वातावरण भी दूषित हो रहा है। फर्जीवाड़ा कर वीडियो पोस्ट करने वाले पर आईपीसी की धारा 153, 153-बी, आईटी एक्ट की धारा 66, 67, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125, 127(क) के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की गई है।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

## जीएसटी से है व्यापारी परेशान



**राजनांदगांव।** संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए आज दुर्ग के पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कामठी लाइन सहित शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। अरूण वोरा व्यापारी वर्ग से जीवंत संपर्क करते उनसे चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने खुलकर भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोला। विशेषकर जीएसटी की परेशानी से व्यापारी जहां मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से परेशान हैं और व्यापार करना मुश्किल हो गया है, लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार को व्यापारियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है और वे लगातार तुगलकी फरमान से लागू जीएसटी के चलते व्यापारियों पर दबाव डालकर सिर्फ और सिर्फ वसूली का काम कर रही है। जिससे आम जनता भी परेशान है।

श्री वोरा के साथ जनसंपर्क के दौरान चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष रमेश राठौड़, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा, कमलजीत सिंह पिंटू, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, अजय मिश्रा, नथमल कोटडिया, हनी ग्रेवाल, झम्मन देवांगन, माया शर्मा, शेषनाथ, नरेश शर्मा, शरद खंडेलवाल, जितेंद्र शर्मा, सुरेंद्र देवांगन, अतुल शर्मा, मामराज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मोदी शिखर पर है, क्योंकि उनके किए कार्य ही उनकी प्रमाणिकता है : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुरेश एच. लाल ने कहा कि आज मोदी सिर्फ देश के नहीं, बल्कि विश्व में सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हो चुके है। उनका कद शिखर पर है, क्योंकि उनके कार्य उनकी उपलब्धियां को स्वयं बखान करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज पिछले 10 वर्षों का हिसाब लेकर मोदी चुनाव में उतरे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से नया संसद भवन, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत की बढ़ती सैन्य आत्मनिर्भरता, पाकिस्तान और चीन पर लगाम, आतंकवाद पर कठोर प्रहार और रोकथाम, रूस-यूक्रेन से लेकर अमेरिका और पश्चिम एशिया तक भारत की विदेश नीति की धाक, दुनिया में भारत का बढ़ता कद, यूएई में विशालकाय हिंदू मंदिर, धारा-370 का हटना, प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण, सीएए का लागू करना, योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना, भारत में 1.6 लाख स्टार्टअप शुरू करवाना, डिजिटल लेनदेन में 90 गुना की वृद्धि होना, मेट्रो सुविधाओं का विस्तार, ऐसी सैकड़ों कार्य है, जो मोदी को अन्य लोगों की तुलना में बेहतर बनाते हैं। श्री लाल ने कहा कि आज भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में मनुष्य जीवन की आधारभूत संरचना में आर्थिक, व्यापारिक एवं आध्यात्मिक विकास की पूर्ण परिकल्पना परिलक्षित होती है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार सुरेश एच. लाल ने कहा कि




भाजपा का संकल्प पत्र अपने आप में नए भारत की परिकल्पना को प्रदर्शित करता है। इसमें युवाओं के लिए पेपर लीक पर कठोर अधिनियम सहित पारदर्शी तरीके से नौकरी समयबद्ध मिलने की बात लिखी गई है। किसानों, महिलाओं, रेलवे एवं देश की संस्कृति के लिए जो मानक बिंदु निर्धारित किए गए हैं, उसकी एक-एक लाइन पढ़ने और समझने योग्य है।

श्री लाल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम की बात भी गंभीरता से की गई है। साथ ही समान नागरिक संहिता लागू करने की बात इस संकल्प पत्र में समाहित है। जिसका तात्पर्य यह है कि जो कार्य वर्षों से नहीं हुआ, वह आगामी मोदी के कार्यकाल में होगा और भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा। भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने मोदी का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## कांग्रेस प्रत्याशी बघेल आज डोंगरगांव क्षेत्र में

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस



प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में कल 17 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल अपरान्ह 2 बजे मचानपार, दीवानझिटिया, दीवानभेंडी, बीजेभांठा, मुंगेरी नवागांव, धनेरी, जमसरार, बरगांव, मोहड़, मथलडबरी, रेंगाकठेरा, चिद्दो, जंतर, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेंदूनाला, तिलई ग्रामों में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जनसंपर्क करेंगे।

Rahul Travels
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करें
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
मुहर्रा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/- 2 एसी 21,500/ (+5% GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411

JOHN DEERE
आया है राजा !
अब नए अवतार में
5 साल की वारंटी
अधिकृत विक्रेता :
जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
शाखा - जी. ई. रोड राजनांदगांव, मेन रोड अं. चौकी
मो. 9977184777, 8120006476, सर्विस - 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप



### डबराभाट में नाली की साफ-सफाई की गई

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गली-मोहल्ले व चौक-चौराहे तथा धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया, वहीं नाली की साफ-सफाई किया गया। ताकि गली मोहल्ले व चौक चौराहे तथा धार्मिक स्थलों का वातावरण स्वच्छ तथा सुंदर बना रहे। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भगवती ध्रुर्वे व उपसरपच अंजुला केशकर ने बताया कि गांव की गलियां साफ सफाई के अभाव में जाम तथा गंदा पानी सड़कों और गलियों पर बहने लगी थी इसलिए गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों की साफ सफाई कराया जा रहा है ताकि बंदगी और बदबू से राहत मिल सकें।

### सत्यमेव जयते क्लब ने डॉ आंबेडकर जयंती पर वृद्धाश्रम में बांटा मौसमी फल

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा स्थित भारत माता चौंक के सामने डॉ भीम राव अंबेडकर पार्क में प्रतिवर्षोनुसार की की भांति इस वर्ष भी सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा की टीम ने पहुंचकर राष्ट्र के संविधान निर्माता, शिल्पी कार एवं महामानव डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चनाकर किया गया। तत्पश्चात डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धों को मौसमी फल वितरित कर उनकी हाल-जाना व कुशलता की कामना कि गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष देवसिंह ध्रुर्वे ने डॉ भीम राव अंबेडकर द्वारा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिको को दिए गए सभी 6 मौलिक अधिकार समानता, स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, संस्कृति तथा शिक्षा संबंधी एवं संवैधानिक उपचारों के अधिकारों का जिक्र करते हुए कहा कि देश के अन्य महापुरुष, देशभक्त की जयंती के साथ-साथ संविधान के शिल्पकार डॉ भीड़ राव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान पारस कुशरे, लालसिंह मरकाम, राजेश कुमार भास्कर, वासु लहरे व कार्यकर्तागण उपस्थित थें।

### प्रभु श्रीराम के प्राकट्य उत्सव की तैयारी पूरी

# धर्मनगरी हुई राममय, फूलों से सजा श्रीजानकी रमण देवालय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य दिवस के उत्सव को ऐतिहासिक व धूमधाम तथा हर्षोल्लास से बनाने के लिए राम भक्तों ने पूरी तैयारी कर ली हैं। कवर्धा पूरी तरह राममय हो गया हैं और श्रीराम के स्वागत में राम भक्त लग गए हैं। रामनवमी पर श्रीजानकी रमण देवालय में विशेष पूजा एवं भंडारा किया जाएगा।

कवर्धा स्थित कचहरी पारा प्रभु श्री जानकी रमण प्रभु देवालय में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य उत्सव की तैयारी पूरी है। शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि आज राम नवमी हैं, जिसे भगवान राम के जन्म के रूप में भी जाना जाता है। हर वर्ष ट्रस्ट द्वारा एवं कवर्धावासियों के भरपूर उत्साह के सहयोग से इसे ऐतिहासिक बनाया जाता हैं, जहां सुबह से लोग दर्शन करने पुष्प फल भोग लेकर आते है व अपने आराध्य श्रीराम का दर्शन लाभ ले मनवांछित फल प्राप्त करते हैं।



#### जन्मोत्सव पूजा शुभ मुहूर्त पर होगी

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा के लिए 17 अप्रैल को शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 2 मिनट से शुरू होगा और 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इस मुहूर्त में भगवान श्रीराम का शास्त्रीय विद्वानों द्वारा मंत्रो उच्चार के साथ पंच गव्य से विशेष अभिषेक कर स्नान करा राजस्थान से मंगवाएं गए स्वर्णरजित वस्त्र पहनाकर कर नवरत्न व सवर्ण के आभूषणों से सृंगार कर पूजा-अर्चना किया जाएगा, इसे लेकर विशेष तैयारी की गईं हैं।

#### सनातनियों मंदिर प्रांगण में ढोल-बाजे व आतिशबाजी से करेंगे स्वागत

श्रीराम के जन्मोत्सव पर सनातनियों द्वारा मंदिर प्रांगण में भव्य आतिशबाजी की व्यवस्था की गई हैं। भगवान के आगमन पर भरपूर आतिश बाजी कर ढोल-बाजे के साथ स्वागत करेंगे। वही भक्त श्रीराम के धुन पर मग्न रहेंगे।

#### विशेष मालपुआ व पंजरी का लगेगा भोग

शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने बताया जन्मोत्सव पश्चात रामलला का अभिषेक कर स्वर्णरजित वस्त्र व आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा और श्रीरामलला को सबसे प्रिय भोज मालपुआ व पंजरी का भोग लगाकर आरती की जाएगी, जिसके पश्चात प्रसाद स्वरूप भक्तों को वितरण किया जाएगा साथ ही साथ कवर्धा में नौ दिनों तक देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई और अब श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाना हैं। अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान होने के पश्चात यह पहला मौका हैं कि श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा हैं। यह सनातनी भक्तों के लिए बेहद खास पल हैं।

# अष्टमी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर एवं मां संतोषी मंदिर में अष्टमी के दिन सुबह से देर रात तक भक्तों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में दर्शन व पूजा-पूजन के लिए दिन भर तांता लगा रहा।

भक्तजनों द्वारा माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजारी पं चंद्रकांत पाठक ने बताया चैत्र नवरित्र में मां महामाया मंदिर में 614 ज्योति जोत ज्वांरा मनोकामना कलश व मां संतोषी मंदिर के पूजारी लोमस दुबे ने बताया कि 84 जोज ज्वांरा मनोकामना कलश भक्तजनों व श्रद्धालाओं द्वारा प्रज्जवलित करवाया गया।


वहीं नगर के अन्य देवी-मंदिरों में मां शीतला मंदिर, अष्टभुजी मंदिर, शक्ति मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई। साथ ही साथ डोंगरिया स्थित मां महामाया मंदिर में 290 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है पूरा नगर सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल रहा। वहीं माता-बहनों द्वारा घरों में नवरात्रि का व्रत उपरांत नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

# महाअष्टमी पर देवी-मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

- सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं नें दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर देवी-मंदिरों में पंडितों व पूजारियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन पूजन कार्य संपन्न हुआ। जिस पर सभी देवी मंदिरों में मां दुर्गा की आराधना व चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल व वातावरण बना रहा। चैत्र नवरित्र में सभी देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत झालर-लाइट व विभिन्न सजा सज्जा से सजाया गया साथ ही साथ देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति जोत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित कर विधि-विधान से नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की गई। मंगलवार को महा अष्टमी पर मनोकामना जोत कलश जलाने वाले भक्तगण व श्रद्धालाओं का सुबह से देर शाम तक मंदिर में दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करनें का सिलसिला चलता रहा। साथ ही साथ नौ कन्याओं को कन्या भोजन कराया गया, इसके साथ ही बुधवार को जोत ज्वांरा ज्योति कलश विसर्जन किया जाएगा।



# रामनवमी पर होगी श्रीराम की भव्य महाआरती व भजन-माता का जगराता

### कलाकार सायं 6 बजे से भजन संध्या की देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हिन्दू नववर्ष उत्सव समिति कवर्धा के मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पवन जन्मोत्सव के अवसर पर धर्म नगरी कवर्धा के हृदय स्थल भारत माता की दिव्या प्रतिमा के सामने आदि शक्ति मां महामाया मैय्या के चरणों के समक्ष हमारे आराध्य श्रीराम चंद्र की महाआरती का दिव्य आयोजन एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता का जगराता, भजन संध्या का गौरवशाली आयोजन किया जाएगा।

तद्उपरांत महाप्रसाद का वितरण समस्त श्रद्धालुओं किया जाएगा। साथ ही साथ माताओं-बहनों के लिए आरती की थाली सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बहनों को आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा। हिंदू नववर्ष उत्साह समिति के संयोजक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि 500 वर्षो के अथक प्रयास परिश्रम बलिदान के स्वरूप करोड़ सनातनियों के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र का भव्य मंदिर अयोध्या में स्थापित हुआ है और भगवान का दिव्य जीवंत स्वरूप श्रीराम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं, इस ऐतिहासिक वर्ष में प्रभु श्रीराम के प्रथम जमोत्सव के उपलक्ष में रामनवमी को हिंदू नववर्ष उत्सव समिति भव्य रूप से बनाने का निर्णय लिया है।



इसमें श्रीराम चंद्र की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, अपने हाथों में हजारों दिए लेकर कवर्धा की सनातनी जनता मर्यादा पुरुषोत्तम से श्रीरामचंद्र की महा आरती करेगी। साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता का जगराता एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, यह प्रथम अवसर है कि कवर्धा की सनातनी जनता अपने मर्यादा पुरुषोत्तम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। कवर्धा के सनातनी निवासियों से अपीलकर अधिक से अधिक संख्या पर श्रीरामचंद्र की महा आरती एवं माता के भव्य जगराता में समस्त राम भक्त उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर भाजपा ने अपने संकल्पों को किया पूराः भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार लोकसभा हेतु चुनाव प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं मंगलवार को श्रीमती भावना बोहरा कुण्डा मंडल अंतर्गत ग्राम सैहामालगी, कोदवा, गोबर्रा, मौहामड़वा, दामापुर एवं पंवरजली में जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से भेंटकर उन्हें केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

उन्होने कहा कि भाजपा जो संकल्प करती है उसे पूरा करके दिखाती है, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, भाजपा ने अपनी कुशल नीतियों से इन संकल्पों को पूरा करके दिखाया है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार का कार्यकाल देखें तो वह उपलब्धियों से भरा रहा है, तीन तलाक कानून, महिला आरक्षण बिल जैसे बड़े निर्णयों के साथ ही हमारे धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का भी अभूतपूर्व विकास हुआ है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी घोषणा पत्र में अगले पांच वर्षों में विकसित व आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखने के साथ ही भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी है। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के नेतृत्व में हमारे राजनांदगांव लोकसभा ने भी अभूतपूर्व तरक्की की है। प्रसाद योजना के तहत मां बम्लेश्वरी मंदिर के सौन्दर्यीकरण, अमृत मिशन भारत योजना के तहत डोंगरगढ़ व राजनांदगांव रेलवे स्टेशन का विकास, सोलर प्लांट, वन्दे भारत एक्प्रेस और छत्तीसगढ़ के पहले दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर की स्थापना जैसे कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा भी डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन के निर्माण हेतु स्वीकृति देने जैसे कार्यों से अब केवल हमारे राजनांदगांव लोकसभा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास को भी डबल इंजन की रफ्तार मिल रही है। साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के माध्यम से हमारी माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है।

जिसमें दो वर्ष का बकाया बोनस देने का निर्णय हो या 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भावना बोहरा नें छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को अधिक से अधिक मतदान करें और सभी 11 सीटों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रचंड मतों से जिताकर फिर से भारत के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं।



### रूसे सेक्टर मे राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी का सेक्टर रूसे में ग्रामीण क्षेत्र प्रचार-प्रसार एवं कांग्रेस कार्यकर्ता से जनसंपर्क के दौरान राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य फुल-माला, पटाखे व गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। पंडरिया विधानसभा कुण्डा ब्लॉक के रूसे सेक्टर अंतर्गत ग्राम सैहामालगी, दामापुर, खूटा पेंडरी, मोहगांव, पलानसरी क्षेत्र में भूपेश बघेल द्वारा जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया और कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण को 5 वर्ष के कार्यकाल के नाम पर मतदाताओं से वोट देने की अपील की। उन्होने सभा में संबोधित करते हुए कहा कि जो योजना हम गरीब, मजदूर व किसान के लिए सभी वर्ग को देखते हुए अपने पांच साल के कार्यकाल में सभी वर्ग के हितों के लिए यह योजनाएं बड़ी मेहनत से बनाया गया था, उसे भाजपा के शासन आने के बाद साय साय बंद कर रहा है। वहीं कांग्रेस सरकार के आने के बाद पांच न्याय योजना घोषणा किया गया है जिसमें महिलाओं को महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत 1 लाख रूपए सालाना दिया जाएगा जो कांग्रेस का एक ऐतिहासिक न्याय योजना है व युवा न्याय श्रमिक न्याय किसान न्याय नारी न्याय गारंटी कांग्रेस द्वारा पांच गारंटी दिया गया है साथ ही साथ 26 अप्रैल को कांग्रेस को भारी वोट से विजयी बनाने अपील की गई। इस दौरान होरीलाल साहू, उत्तर दिवाकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, लाल बहादुर चंद्रवंशी, बलदाऊ साहू, राजेश चंद्रवंशी, दिनेश पांडेय, पवन शर्मा, बैजू चंद्रवंशी, बद्री खांडे, गामा चंद्रवंशी सहित ग्रामीण नागरिक एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जन उपस्थित थें।

# लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने गांव-गांव पहुंच रहीं पूर्व विधायक ममता



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का संघन दौराकर राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट मांगा एवं उनके पांच वर्ष के शासन कार्यकाल में किसानों के लिए की गई उपलब्धियां के बारे में ग्रामीणों को बताया एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा सरकार द्वारा बंदकर दिया गया है। पूर्व पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने बताया कि महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए सहित बहुत सारी योजनाएं हैं। इस कार्यक्रम में पंडरिया पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, रूपेंद्र वर्मा प्रतिनिधि पीसीसी छग, विष्णु साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष, डोमन मरकाम, गुरुदत्त शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि, दीनबंधु चंद्राकर जनपद सदस्य, मन्नू चंद्राकर, अन्नपूर्णा चंद्राकर, शारदा सोनवानी ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, पुष्कर लंहगीर एल्डरमैन, पालेश्वर चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य ने लोकसभा राजनांदगांव के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिय प्रचार-प्रसार किया। जिसमें ग्राम नानापुरी, कोड़ापुरी, नेउरगांव, बाघामुड़ा, सगौनाडीह, पेंड्री में चुनाव प्रचार-प्रसार कर भूपेश बघेल को प्रचंड बहुमत से जिताने अपील की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# भाजयुमो कुण्डा मंडल ने निकाली बाइक रैली, किया प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा के मंडल जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू व जिला अध्यक्ष भाजयुमो मनीराम साहू व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में मनहरण साहू के नेतृत्व में शक्ति केन्द्र दामापुर बाजार व शक्ति केन्द्र कोदवा कला दोनों शक्ति केन्द्र में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर शक्ति केन्द्र स्तर पर भव्य बाईक रैली निकाली गई।

वहीं राजनांदगांव लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सासंद संतोष पाण्डेय को भारी मतों से विजय बनाने जन-जन तक बाईक रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार कर भारतीय जनता पार्टी के कमल छाप पर 26 अप्रैल को बटन दबाकर विजय बनाने जन-जन से अपील कर मोदी को फिर से तीसरे बार प्रधामंत्री बनाने लोगों में बहुत उत्साह और उमंग है।



400 पार कि लक्ष्य और फिर मोदी सरकार यह जनता कि आवाज जन-जन से आ रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, मनहरण साहू, परषोत्तम निर्मलकर, रवि चंद्रवंशी, निलेश गुप्ता, देवेन्द्र चंद्रवंशी, शेखर चंद्रवंशी, संतोष ध्रुर्वे, माधव निर्मलकर, राजेश साहू, तोमन यादव, धर्मेन्द्र साहू, हरिश जायसवाल, घनश्याम साहू, देवेन्द्र खाण्डे, मुखी साहू, छोटु साहू, जोहन साहू, आत्माराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंचल के देवी मंदिरों में किया गया अष्टमी का हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवरात्र पर्व के अष्टमी को सभी देवी मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ हवन किया गया। जिसके चलते मंगलवार की सुबह से ही धर्म नगरी कवर्धा के स्थानीय देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। जिससे खासी भीड़ एकत्रित हो गई थी। हवन पश्चात मंदिर परिसर में कन्या भोज भी कराया गया।

नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना विशेष महत्व है। इसलिए अष्टमी को कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराना आवश्यक माना जाता है। इसी मान्यता के चलते मंगलवार को हवन पश्चात सभी देवी मंदिरों में कन्या पूजन एवं भोज कराया गया। पर्व के अष्टमी तिथि को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों द्वारा चढ़ावे के रूप में नारियल, फूल तथा श्रृंगार के सामान चढाए गए। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जमा हो गई। भीड़ की शक्ल में आए श्रद्धालुओं ने साथ मिलकर पूरी भक्ति भावना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर हवन किया। मां की भक्ति में डूबा समूचा नगर हवन कुण्ड से उठने वाले पवित्र धुआं व खुशबू से महक उठा। चारों दिशाओं में मां भक्ति की गंगा बहने लगी।

तेज गर्मी व तपती दोपहरी में भी लोग हाथों में पूजा की थाल लिए नंगे पैर मां के दरबार में जाकर पूजा अर्चना की। नगर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, विन्ध्यवासिनी मंदिर तथा सतबहिनिया मंदिर में दोपहर में हवन प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही मां चण्डी, परमेश्वरी, सिंहवाहिनी व शीतला मंदिर तथा मां राजराजेश्वरी काली मंदिर में भी दोपहर में ही हवन किया गया। आचार्यो व पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से कराए गए हवन के पश्चात कुंवारी कन्याओं को विशेष पूजा अर्चना पश्चात भोजन कराया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अष्टमी की मध्यरात्रि को मां परमेश्वरी से निकले वाले खप्पर को देखने आसपास के अंचलों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। जिनके कारण पूरी रात स्थानीय देवी मंदिरों में चहल पहल बनी रही।

### अगुवान की अगुवाई में मध्यरात्रि को निकली खप्पर


फाईल फोटो

वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए इस बार भी चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी की आधी रात को नगर के दो शक्ति पीठों से सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच खप्पर निकाली गई। स्थानीय चण्डी मंदिर तथा परमेश्वरी मंदिर से ग्राम पूजा के लिए निकाली गई खप्पर की झलक पाने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने आधीरात तक रतजगा किया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच महाअष्टमी की मध्य रात्रि को मां चण्डी मंदिर तथा मां परमेश्वरी मंदिर से विभिन्न अनुष्ठान उपरांत इस परम्परा का निर्वाहन किया गया। नगर भ्रमण में निकलने से पूर्व मंदिर समीतियों के पण्डों द्वारा अगुवान व खप्पर धारक को होंम दिलाकर नदी में स्नान कराया गया। तत्पश्चात बंद फाटक के पीछे माई के गर्भ गृह में इन्हें देवी के परिधान व अलंकारों से सुसज्जित कर लंबे केश युक्त सिर पर मुकुट धारण कराया गया। मां का श्रृंगार पूर्ण होने पर अगुवान के हांथ में तलवार व पुजारी के बाएं हांथ में जलता हुआ खप्पर व दाहिने हांथ में नंगी तलवार धारण कराया गया। देवी भावों से पूर्ण अगुवान व खप्पर धारक अपनी तेज किलकारी भरते हुए ग्राम पूजा के लिए मंदिर परिसर से बाहर आए। तकरीबन 15 मिनट के फासले से निकलने वाले दोनों मंदिरों के खप्पर धारक अपने अगुवान के मार्गदर्शन में हृदय विदारक किलकारी के साथ बिलासपुर मार्ग, सतनामी पारा, ठाकुर पारा, षभदेव चौक, एकता चौक, वीरस्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, अंबेडकर चौक से महामाया मंदिर होते हुए उच्च विश्राम गृह के निकट सरदार पटेल मैदान को पारकर सतबहिनिया मंदिर, महल चौक, सिविल लाईन, राधा कृष्ण वार्ड, शीतला चौक, करपात्री चौक, हटरी पारा, कचहरी पारा, गुप्ता पारा होते हुए अपने-अपने देवालयों में जाकर शांत हुए। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए हुए हजारों की संख्या में लोगों ने खप्पर के दर्शन किए।

## खबर संक्षेप



### कारखाना में 21 अप्रैल से गन्ना खरीदी बंद

**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के एमडी ने बताया कि कारखाने का पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना खरीदी का 21 अप्रैल 2024 तक निर्धारित किया गया है। कारखाना में गन्ना खरीदी के लिए संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि जिले के ऐसे गन्ना उत्पादक कृषकगण जिन्हें किन्हीं कारणों से गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय नहीं हुआ हो, कृपया वे तत्काल भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के गन्ना विभाग, अपने क्षेत्र सहायक से सम्पर्क कर गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिन गन्ना उत्पादक कृषकों ने अपना शेष गन्ने को जूस, बीज एवं गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा हो तथा शक्कर कारखाना कवर्धा में पेराई के लिए विक्रय नही करना चाहते ऐसे किसान कृपया कारखाने के गन्ना विभाग को लिखित रुप से सूचित करें। उन्होंने समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 21 अप्रैल 2024 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक गन्ना, शक्कर कारखाना को उपलब्ध नहीं करने पर भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा किसी भी क्षतिपूर्ति, दावा के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा।

### रामनवमी के अवसर पर आज शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने 17 अप्रैल 2024 दिन-बुधवार को ररामनवमीर के अवसर पर कबीरधाम जिलें में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित देशी, विदेशी, कंपोजिटी मदिरा दुकानें, एफ.एल. 3(ग) पर्यटन बार तथा मद्य भण्डारण भाण्डागार 17 अप्रैल को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है। शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन प्रतिबंधित रहेगा।

### हत्या: मवेशी खोजने ग्राम राली से दमगढ़ पहुंचा था चरवाहा

# पेड़ से बांधकर ग्रामीण की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दमगढ़ में स्थानीय ग्रामीणों ने एक बाहरी ग्रामीण की चोर के शक में पेड़ से बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद दुर्ग के डॉग स्कॉट के साथ मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर प्रारंभिक पूछताछ और पड़ताल के बाद फिलहाल आठ ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस ने मामले को लेकर कुछ भी खुलासा नहीं किया है। बताया जाता है कि जिले के तरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम राली निवासी धर्म सिंह गोड़ आयु 35 वर्ष पेशे से मवेशी पालक तथा चरवाहा है। जानकारी के मुताबिक वह जंगल में घुम हो चुके अपने मवेशी को खोजते हुए सोमवार की रात ग्राम दमगढ़ पहुंचा था। रात करीब 12.00 बजे वह ग्राम दमगढ़ के आबादी क्षेत्र में रूका था जहां एक घर में वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था और ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ मौजूद थी। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम दमगढ़ के स्थानीय ग्रामीणों की नजर धर्म सिंह पर पड़ गई और उन्होंने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। इतना ही नहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बगैर जांच पड़ताल और धर्म सिंह की बात सुने बगैर ही उसे पीटना शुरू कर दिया। बाद में उसे एक पेड़ से बांध दिया गया और उसकी बेदम पिटाई की गई। मन भर पिटाई गई करने के बाद स्थानीय ग्रामीण धर्मसिंह को उसी हालत में छोड़कर मौके से चले गए। सुबह जब देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर दुर्ग के डॉग स्कॉट के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आठ लोगों को लिया गया हिरासत में



बताया जाता है कि घटना की सूचना पाकर डॉग स्कॉट के साथ मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद करने के बाद मौका मुआयना किया और प्रारंभिक पूछताछ तथा पड़ताल के बाद ग्राम दमगढ़ के आठ ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक मामले को लेकर किसी प्रकार का कोई खुलासा नहीं किया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को दी गई।

### संदेही आरोपियों के परिजनो ने लगाया मृतक पर छेड़छाड़ का आरोप

वहीं संदेही आरोपियों के परिजनो ने मृतक ग्रामीण धर्म सिंह पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। परिजनो का आरोप है कि धर्म सिंह विवाह कार्यक्रम में आई महिला से छोड़छाड़ कर रहा था। जिसके कारण उसे पीटा गया है। बहरहाल सच्चाई क्या है पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

# युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव की कार में तोड़फोड़

## आधी रात को की गई बारदात

- कार से 25 हजार नगदी भी पार, आरोपियों ने जाते-जाते दी देख लेने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में बढ़ते चुनावी खुमार के बीच कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक-8 निवासी कांग्रेस के युवा नेता आकाश केशरवानी के घर के बाहर खड़ी उनकी कार पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने तोड़ फोड़ कर दी। इतना ही नहीं अज्ञात हमलावर कार में रखे पच्चीस हजार रूपए भी ले गए और जाते-जाते श्री केशरवानी को देख लेने की धमकी भी दी है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अज्ञात लोगों ने चोरी की नियत से कार में तोड़ फोड़ की है या फिर यह राजनीति से प्रेरित बारदात है। बहरहाल आकाश केशरवानी ने इस घटना की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पूर्व जिला अध्यक्ष युवा काग्रेस कवर्धा तथा वर्तमान प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी पिता स्व. अशोक केशरवानी आयु 33 वर्ष निवासी शंकर नगर वार्ड क्रमांक 8 कवर्धा ने बताया कि वे 15 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 12.30 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी-09-जेसी-4128 से राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ग्राम पलानसरी चुनावी दौरा कार्यक्रम से घर लौटे थे और कार को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर आराम कर रहे थे। उन्होने बताया कि इसी दौरान रात करीब 2.38 बजे उन्हें घर के बाहर शीशा टूटने की आवाज आई और उनकी नींद खुल गई। श्री केशरवानी के मुताबिक जब वे किसी अनहोनी की आशंका के चलते बाहर निकले तो उनकी कार के तीन दरवाजों का लॉक टूट हुआ था और कार का कांच भी टूटा पड़ा था कार के अंद एक पत्थर भी पड़ा था जिससे कार के शीशे और लॉक को तोड़ा गया था। वहीं कार से एक बैग भी गायब था जिसमें पच्चीस हजार रूपए रखे थे। श्री केशरवानी ने बताया कि जिस समय वे घर से आवाज लगाते निकले उस समय कुछ लोग उन्हें धमकी देते भाग रहे थे। जिनका उन्होंने कुछ दूरी तक पीछा भी किया लेकिन वे मोटर सायकल में भाग निकले। जिसके बाद श्री केशरवानी ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर करीब 45 मिनट बाद डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तक तक अज्ञात लोग भाग चुके थे। घटना के दूसरे दिन मंगलवार को श्री केशरवानी इसकी रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध 379, 427 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। हालांकि अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है और न ही यह स्पष्ट हो पाया है कि अज्ञात लोगों ने चोरी की नियत से कार में तोड़ फोड़ की है या फिर यह राजनीति से प्रेरित बारदात है।



# रामनवमी में बाल विवाह रोकने रखी जा रही है पैनी नजर

- ग्राम जनपद और जिला स्तर पर कई टीम सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए सभी विभाग के अधिकारियों को रामनवमीं एवं अक्षय तृतिया के अवसर पर होने वाले सभी विवाह आयोजनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्राप्त निर्देशानुसार बाल विवाह के रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिशेध अधिकारी नियुक्त किया गया है इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग की भूमिका निभाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह की संभावना को देखते हुए विवाह आयोजनों की निगरानी तथा जिला विकासखण्ड एवं पंचायत स्तरीय गठित बाल संरक्षण समितियों को बाल विवाह रोकथाम के लिए सक्रिय करने और उनके सहयोग के लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की दो अतिरिक्त दल बना कर ड्यूटी लगाई गई। जिसमें सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री क्रान्ति साहू संरक्षण अधिकारी संस्थागत राजाराम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी अविनाश ठाकुर परामर्शदाता सुरेश साहू, श्रीमती नितिन किशोरी वर्मा आउटरिच वर्कर विनय जंघेल आउटरिच वर्कर है जो संबंधित क्षेत्र में रहकर बाल संरक्षण समितियों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों, विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा सभी स्टेक होल्डरों के साथ समन्वय कर बाल विवाह रोकथाम के लिए सक्रिय रहकर निगरानी के लिए निर्देश दिया गया है।

# रामनवमी पर विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। स्थानीय राम जानकी मंदिर, मठ मंदिर, मेकरी मंदिर, जमात मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। जहां दोपहर 12.00 बजे भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म के बाद 12.30 बजे मंगल आरती की जाएगी। भगवान श्री राम के जन्म को लेकर सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया है। इसके साथ ही बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ श्री रामजी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी ने जन्मोत्सव की तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म की तैयारियां करीब सप्ताह भर पहले से की जा रही है। आज भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव पर नवीन वस्त्रों एवं आभूषणों से अलंकृत कर उनका विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात आज दोपहर 12.00 बजे पटाखों, घंट-घड़ियालों एवं बाजे-गाजे की मनमोहक धुन तथा भए प्रकट गोपाला दीन दयाला की स्तुति के साथ भगवान श्री राम जी का जन्म होगा। रामलला के जन्म पश्चात दोपहर 12.30 बजे भव्य मंगलआरती की जाएगी। आरती पश्चात भगवान श्री रामचंद्र जी को विशेष भोग प्रसादी के रूप में मालपुआ, पंजरी और पंचामृत अर्पण की जाएगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## हवन पूजन...



**कवर्धा।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर नगर के दवी मंत्रों में विधि विधान से किया गया सामूहिक हवन-पूजन।

### वन्य जीव प्रेमी डॉ रविकांत दास ने किया अभ्यारण का भ्रमण


# अभ्यारण्य मिली में राष्ट्रीय तितली ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई, डेड लीफ बटरफ्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा में राष्ट्रीय तितली ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई (डेड लीफ बटरफ्लाई) सहित अन्य कई प्रजाति की तितलियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले का भोरमदेव अभ्यारण विभिन्न प्रताजियों के वन्यप्राणियों, जीव जंतुओं के साथ ही वनपतियों से भरा पड़ा है। इस संबंध में वनमंडलाधिकारी, कवर्धा शशि कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्य जीव प्रेमी डॉक्टर रविकांत दास, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं प्राध्यापक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिम्स, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा गत 10 एवं 11 अप्रैल को भोरमदेव अभ्यारण्य का भ्रमण किया गया जहां पर उन्हें राष्ट्रीय तितली ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई (डेड लीफ बटरफ्लाई) देखने को मिली। डॉक्टर रविकांत दास ने बताया कि उन्हें अभ्यारण्य में ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई



डेड लीफ बटरफ्लाई जिसे वर्ष 2020 में देश की राष्ट्रीय तितली चयनित किया गया था, देखने का अवसर मिला। ज्ञात हो की जब भी प्राणियों द्वारा छद्म धारण का उदहारण दिया जाता है तो सबसे पहले डेड लीफ का नाम लिया जाता है। ये जब अपने पंख बंद कर लेती है तो एक सूखी हुई पत्ती की हु-बहु लगती है और इस तरह से अपने भक्षियों को चकमा देती है। अगर कोई शिकारी जीव, उसकी उड़ान के दौरान आक्रमण कर देता है, तो यह अपने पंख बंद कर जमीन में सूखे पत्तियों के ढेर मे छुप जाती है और शिकारी



लाख कोशिशों के बाद भी उसे खोज नहीं पाता। परन्तु खुले पंखों में इसकी सुन्दरता की कोई मिसाल नहीं है। गहरे हल्के नीले रंग के आवरण में नारंगी रंग के चौड़े पट्टे अत्यंक मोहक लगते है। यही वजह है की इसे राष्ट्रीय तितली का दर्जा मिल पाया है। उनकी उपस्थिति भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को खास बनाती है और यहां ख्याति में चार चांद लगाती है। अन्य तितिलियों की तुलना में इनको ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है, क्योंकि ये अन्य तितलियों की तरह उड़ती नहीं रहती बल्कि पेड़ों के तने अथवा पत्तियों पर चिपकी रहती है बिना किसी हलचल के और कभी कभार ही उड़ती है, बहुत ही कम समय के लिए और बहुत ही तेज गति से। उन्होने बताया कि जब मै फोटो खिंच रहा था तब वह इतनी फुर्ती से उड गयी की मुझे खुले पंखों में फोटो खीचने का मौका ही नहीं मिला, और उडने के बाद कहां गायब हुई पता ही नहीं चला।

### अभ्यारण में कई प्रजाति की तितलिया व पक्षी मौजूद

वन्य जीव प्रेमी डॉक्टर रविकांत दास ने बताया कि भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य का वह ट्रेल अप्रतिम है जिसमे अभ्यारण्य की जीवनदायिनी सकरी नदी को 23 बार पार करना होता है और रास्ते में एक बहुत ही सुन्दर झरना भी है। उन्होने बताया कि अभ्यारण में उन्होने ऑरेंज ओक लीफ बटरफ्लाई डेड लीफ बटरफ्लाई के अलावा 20 अन्य तितलियां देखी। वहीं यहां कई प्रकार के पक्षी भी मौजूद है।

# भाजपा के शासनकाल में बढ़ी नक्सली बारदातें, कानून व्यवस्था चौपटः भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपने चुनाव प्रचार के लिए मंगलवार को कवर्धा पहुंचे राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थानीय कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होने एक बार फिर प्रदेश तथा केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हांथों लेते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में लगातार नक्सली बारदातें बढ़ रही जबकि हमारे कार्यकाल में नक्सली घटनाएं पूरी तरह से नियंत्रित थी। श्री बघेल ने आरोप लगाया भाजपा फर्जी नक्सली मुठभेड़ कर रही और भोलेभाले आदिवासियों को मार रही है। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार लगातार विपक्षी दलों के नेताओं सीबीआई, ईडी की कार्यवाही से डराने और धमकाने का कार्य कर रही है। उन्होने महादेव सट्टा के संबंध में कहा कि हमारी सरकार ने इस मामले को लेकर लगातार कई कार्यवाही की है। अब सत्ता रूढ दल इसे चुनावी मुद्दा बना रहा है। उन्होने कवर्धा कि लगातार खराब हो रही कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि यहां कोई सुरक्षित नहीं बीती रात हमारे कांग्रेस के युवा नेता आकाश केशरवानी के घर में अज्ञात लोगों ने हमला कर उन्हें धमकी दी है और चोरी की है। लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। प्रेसवार्ता में उनके साथ कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

